भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 664
उत्तर देने की तारीख-26/07/2023

**एनटीए द्वारा सीयूईटी, 2023 में गलत मूल्यांकन**

**664 #श्री राम नाथ ठाकुरः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या यह सच है कि जेईई, कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी), 2023 में दर्जनों प्रश्नों के उत्तर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा गलत बताए गए हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों की रैंक खराब हुई है;
(ख) उक्त परीक्षा हेतु कितने प्रश्नों के उत्तर को विद्यार्थियों द्वारा चुनौती दी गई है; और
(ग) इसकी वस्तुस्थिति क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क) जी, नहीं। मानक परीक्षा प्रक्रिया के अनुसार, उत्तर कुंजी को चुनौती देने के लिए सभी उम्मीदवारों हेतु एनटीए द्वारा अनंतिम उत्तर कुंजी के साथ उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाएं आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाती हैं। ऐसी सभी चुनौतियों का निपटारा एनटीए में विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है और विषय विशेषज्ञों द्वारा तय की गई अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम तैयार और प्रकाशित किया जाता है।

(ख) और (ग) जेईई (मुख्य) 2023 दो सत्रों यानी सत्र 1 और सत्र 2 में आयोजित किया गया था। 05 विषयों के लिए उपयोग किए गए प्रश्न पत्रों की कुल संख्या 298 थी और प्रश्नों की संख्या 27512 थी।

अभ्यर्थियों को सत्र 1 में 2 फरवरी से 4 फरवरी 2023 तक और सत्र 2 के लिए 19 से 21 अप्रैल 2023 तक उत्तर कुंजी को चुनौती देने का अवसर दिया गया था।

दोनों सत्रों में, लगभग 14857 उत्तर कुंजी चुनौतियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 1407 अद्वितीय चुनौतियाँ थीं।

इस प्रकार, 27512 अनंतिम उत्तर कुंजी में से 1407 को चुनौती दी गई थी। इनमें से, 49 अनंतिम उत्तर कुंजियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा किए गए निपटारे के अनुसार संशोधित किया गया था।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए सीयूईटी (यूजी) 2023 को नौ (9) चरणों में आयोजित किया गया था। 61 विषयों के लिए परीक्षा में प्रयुक्त प्रश्न पत्रों की कुल संख्या 2305 थी और प्रश्नों की संख्या 148520 थी।

उम्मीदवारों को अनंतिम उत्तर कुंजी, प्रश्न पत्र और रिकॉर्डेड प्रतिक्रियाओं के साथ 29 जून से 01 जुलाई 2023 तक उत्तर कुंजी चुनौती का अवसर दिया गया था। इस अवधि में लगभग 25782 उत्तर कुंजी चुनौतियाँ प्राप्त हुईं, जिनमें से 3886 अद्वितीय चुनौतियाँ थीं।

इस प्रकार, 148520 अनंतिम उत्तर कुंजी में से 3886 को चुनौती दी गई थी। इनमें से, 570 अनंतिम उत्तर कुंजी को विषय विशेषज्ञों द्वारा किए गए निपटारे के अनुसार संशोधित किया गया था।

*****